वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 1 मई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

संक्रमित क्षेत्रों के वर्गीकरण के साथ तालाबंदी बढ़ाना अपरिहार्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केंद्र सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी की विषम परिस्थितियों में तालाबंदी को 4 मई से 2 सप्ताह के लिए और बढ़ाए जाने को अपरिहार्य मानती है, साथ ही आवश्यक गतिविधियों के संचालन हेतु मरीजों के संक्रमण संख्या के आधार पर हरा, नारंगी तथा लाल क्षेत्रों में विभाजन करने का कदम आवश्यक एवं उचित मानती हैं।

भारत के सभी नागरिकों के व्यापक सहयोग तथा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से देश ने कोविड-19 महामारी से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार किया है और विश्व के दूसरे देशों की तुलना में भारत में तालाबंदी तथा शारीरिक दूरी जैसे प्रयासों के द्वारा इस संक्रमण को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "सरकार ने क्षेत्रों को जोनवार बांटकर जरूरी गतिविधियों के संचालन के साथ तालाबंदी को 2 सप्ताह बढ़ाने का निर्णय कोविड-19 से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण है। सभी नागरिक निश्चित ही सरकार का सहयोग कर स्थितियों से निपटने में सरकार की मदद हेतु प्रतिबद्ध रहेंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)